## सार-समाचार

### ड्रोन से ग्रामीणों में दहशत

**भरतपुर,** (निसं)। रात में आसमान में ड्रोन उड़ने की घटनाओं ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में रहने वाले ग्रामीणों की नींद उड़ा रखी है। उत्तर प्रदेश से सट्टा राजस्थान का भरतपुर जहां के तुहिया गांव में भी रात में ड्रोन उड़ते हुए नजर आए हैं। जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गई है. ग्रामीणों ने ड्रोन की अपने मोबाइल से वीडियो बना ली। ड्रोन की घटनाओं के बाद से ग्रामीणों में डर और अफवाहों का माहौल व्याप्त है। वह रातभर जागकर पहरा दे रहे हैं।हालांकि ग्रामीणों ने पुलिस को अवगत नहीं कराया है जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद ने का कहना है मामला संज्ञान में आया है कुछ जगह अनाधिकृत ड्रोन उड़ाएं जा रहे हैं. लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक शिकायत प्राप्त नहीं हुई है ग्रामीणों अखिलेश अग्रवाल के अनुसार रात 9 बजे के बाद गांव में अचानक ड्रोन उड़ते नजर आए. ड्रोन की ऊंचाई कम थी लाल और हरी बत्ती जल रही थी.गांव के चारों तरफ उड़ा रहे थे.उसके बाद कही घरों के अन्दर घुसाने के प्रयास किए.इसके बाद लोगों में डर का माहौल बन गया.सभी ग्रामीण रातभर जागकर घरों में एक साथ बैठे रहे. ग्रामीणों का अनुमान है कि ये ड्रोन अक्सर देर रात दिखाई देते हैं। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के कारण लोगों को आशंका है कि चोर रेकी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है कुछ जगह अनाधिकृत ड्रोन उड़ाएं जा रहे हैं. लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक शिकायत प्राप्त नहीं हुई है हमारा जो सूचना तंत्र है उसे एक्टिव किया है। अगर कोई बिना अनुमति के रेड जोन में ड्रोन उड़ाता है तो उसे चिन्हित करके उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### इफको द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। ग्राम एकोराशि स्थित कृषि विज्ञान केंद्र पर इफको की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इफको के राज्य विपणन प्रबंधक सुधीर मान थे।वरिष्ठ वैज्ञानिक मुकेश नायक, कृषि विभाग के एएओ अमर सिंह मीना तथा इफको के उप क्षेत्र प्रबंधक मनोज मीना ने किसानों को नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि बीज उपचार, फसल की बढ़वार के दौरान छिड़काव और नैनो उत्पादों के साथ खरपतवारनाशी व कीटनाशक के मिश्रण के फायदे किसानों को अधिक उपज और कम प्रदूषण की दिशा में सहायक होंगे।उन्होंने कहा कि नैनो उर्वरक पौधों द्वारा 90-95 तक उपयोग में लाए जाते हैं जबकि परंपरागत दानेदार खाद का केवल 30-40 हिस्सा ही फसलों को लाभ पहुंचाता है। इस कारण नैनो उर्वरक अपनाने से न केवल लागत घटेगी बल्कि मृदा, जल और वायु प्रदूषण भी कम होगा।कार्यक्रम में संदीप कुमार भोजवाल ने नैनो कॉपर व नैनो जिंक की जानकारी दी और संकट हरण बीमा योजना से किसानों को अवगत कराया। इस अवसर पर दानलपुर, टोडाभीम सोसायटी, क्यारदा, सपोटरा के सीईओ नरेंद्र शर्मा और देवेंद्र शुक्ला ने भी किसानों को संबोधित किया। कार्यक्रम में लगभग 50 व्यवस्थापक मौजूद रहे।

### बाढ़ पीड़ित को भेजी राहत सामग्री

**सूरौठ,** (निसं)। तहसील के समीपवर्ती ग्राम तहारपुर की युवा टीम ने पंजाब के गुरदासपुर जिले में हाल ही में आई बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद कर मानवता की मिसाल पेश की है।दीवान सिंह गुर्जर के नेतृत्व में युवाओं की टीम डेरा बाबा नानक सिटी पहुंची, जहां उन्होंने बाढ़ पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। इस दौरान भोजन सामग्री, कपड़े, दवाइयां और दैनिक उपयोग की वस्तुएं जरूरतमंदों तक पहुंचाई गईं। टीम ने राहत वितरण के समय स्थानीय प्रशासन से तालमेल कर प्रभावित परिवारों को सीधी मदद सुनिश्चित की।इस सेवा कार्य में प्रमुख रूप से दीवान सिंह, हनुमान सिंह, सोनू धाकड़, हिम्मत गुर्जर, पवन और धर्मेंद्र मीणा का सराहनीय योगदान रहा। टीम के सदस्यों ने कहा कि बाढ़ पीड़ित परिवारों को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा और आगे भी हरसंभव मदद जारी रहेगी। गौरतलब है कि युवा टीम समय-समय पर सामाजिक व मानव सेवा से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय रहती है। लोगों का कहना है कि इस पहल ने एक बार फिर साबित कर दिया कि संगठित होकर किया गया छोटा प्रयास भी मुश्किल घड़ी में कई परिवारों के लिए सहारा बन सकता है।

### पूर्व जिला संघ चालक को दी श्रद्धांजलि

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला संघ चालक डॉ. हरिशंकर शर्मा की 20वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को माधव स्मृति भवन संघ कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान शहर के गणमान्य नागरिकों, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और समाजसेवियों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। डॉ. हरिशंकर शर्मा के पुत्र एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हेमेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी पुण्यतिथि पर सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए विधवा महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित की गई। उन्होंने कहा कि पिताजी के आदर्शों और सेवा भाव को जनमानस में जीवित रखना ही वास्तविक श्रद्धांजलि है।श्रद्धांजलि सभा में श्रीकृष्ण वशिष्ठ, मनोज वशिष्ठ, जिला प्रचारक नन्द सिंह, जितेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश मामू, गोपाल गुर्जर, सतेंद्र चौधरी, अनिल गोयल, राधामोहन पाठक, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी, अजय मित्तल, पंकज, लज्जारानी अठावाल, रामेश्वर धाकड़, गोपाल लांगरा, भूपेंद्र गुर्जर, गौरव चतुर्वेदी, सम्पत कोली, सोन्टू गोयल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### शव मिलने से फैली सनसनी

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर में सेवर थाना क्षेत्र के गांव बांसी में झाड़ियों में शव मिलने से सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। शव की पहचान कोठेन खुर्द गांव निवासी रामवीर के रूप में हुई। परिजनों के पहुंचने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले के अनुसंधान में जुटी हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि रामवीर दो दिन पहले किसी काम से बाइक पर खटोटी गांव गया था। आज उन्हें सूचना मिली कि उनका शव झाड़ियों में मिला है। जिस पर उन्होंने अंदेशा जताया है कि किसी ने उनकी हत्या की है। फिलहाल पुलिस मामले के अनुसंधान में जुटी हुई है।

# कक्षाओं में शिक्षक अनुपस्थित मिलने पर जताई नाराजगी

- कलेक्टर ने कार्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, छात्रावास में बच्चों के साथ खेले क्रिकेट व बैडमिंटन
- उपप्रधानाचार्य को शिक्षण कार्य में ढिलाई नहीं बरतने की हिदायत दी

**रूपवास,** (निसं)। जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी गुरुवार को रूपवास प्रवास पर रहे। दौरे के दौरान उन्होंने कई सरकारी दफ्तरों और संस्थानों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की समस्याएँ सुनीं और अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण के निर्देश दिए।

सबसे पहले कलेक्टर उप जिला चिकित्सालय पहुंचे। यहाँ ओपीडी और दवा वितरण केंद्र पर लंबी कतारें देखकर उन्होंने मौसमी बीमारियों के मद्देनज़र अतिरिक्त स्टाफ तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने सहकारी उपभोक्ता भंडार के दवा केंद्र का निरीक्षण कर दवाइयों की उपलब्धता और रख-रखाव की स्थिति जानी। कलेक्टर ने एक्स-रे कक्ष, निशुल्क जांच कक्ष और विभिन्न वार्डों का भी निरीक्षण किया। महिला वार्ड में भर्ती मरीजों रज्जो (राजपुरा) और ख्यालीराम (खानसुरजापुर) से कुशलक्षेम पूछते हुए अस्पताल प्रशासन की सेवाओं के बारे में जानकारी ली।

प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. लखन चौधरी ने बताया कि वर्तमान में अस्पताल में केवल 7 चिकित्सक कार्यरत हैं जबकि रोज़ाना 500 से अधिक मरीज ओपीडी में आते हैं। इसके बाद कलेक्टर स्वतंत्रता सेनानी रामचरन लाल गोयल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पहुंचे। उन्होंने कक्षाओं का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से पढ़ाई-लिखाई से जुड़े प्रश्न पूछे और विशेषकर गणित, विज्ञान व अंग्रेजी विषयों पर अतिरिक्त ध्यान देने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कई कक्षाओं में शिक्षक अनुपस्थित पाए जाने पर उन्होंने नाराज़गी जताई और उपप्रधानाचार्य को शिक्षण कार्य में ढिलाई नहीं बरतने की हिदायत दी। प्राथमिक विद्यालय में मिड-डे मील का भी निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने बच्चों को नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित डॉ. भीमराव अंबेडकर कल्याण छात्रावास का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से शिक्षा, भोजन, खेल और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।बच्चों ने भोजन व आवासीय व्यवस्था को संतोषजनक बताते हुए नियमित खेल सामग्री उपलब्ध कराने की मांग की। कलेक्टर ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए उनके साथ बैडमिंटन और क्रिकेट खेला और उन्हें गणित, विज्ञान व अंग्रेजी से डरने की बजाय आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई करने की प्रेरणा दी।इसके बाद कलेक्टर पंचायत समिति रूपवास के राजीव गांधी सेवा केंद्र पहुंचे, जहाँ उपखंड स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई। यहाँ उन्होंने 22 परिवाद सुने और संबंधित विभागों से जानकारी लेकर कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया। उन्होंने रुपवास श्मशान भूमि पर स्ट्रीट लाइट दुरुस्त कराने और नगर पालिका से चारदीवारी का प्रस्ताव लेने के निर्देश दिए। वहीं अतिक्रमण मामलों को गंभीरता से लेते हुए नगरपालिका ईओ और तहसीलदार को सात दिन में जांच कर रिपोर्ट पेश करने को कहा।

चैंकोरा गांव में पानी भराव और रास्तों पर अतिक्रमण की शिकायतों पर भी कलेक्टर ने पंचायत समिति को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर चौधरी ने कहा कि सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ आमजन तक समय पर पहुँचना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर उपखंड अधिकारी विष्णु बंसल, विकास अधिकारी काजल शर्मा, नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी योगश पिप्पल, तहसीलदार अमित शर्मा, सीबीईओ लखनपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में उपखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक के परिवार के साथ मारपीट का मामला

**भरतपुर,** (निसं)। बयाना रुपवास विधानसभा क्षेत्र के रुदावल थाना क्षेत्र के गांव बसई में पूर्व विधायक बच्चू सिंह बंशीवाल के परिवार के साथ गांव के एक पक्ष के द्वारा बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। जिसमें पूर्व विधायक के भाई कमल सिंह, चाचा चंपा लाल और चचेरे भाई सुनील गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को इलाज के लिए परिजनों के द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों के परिजनों ने बताया कि चंपा लाल, कमल सिंह और सुनील घर पर ही बैठे हुए थे। तभी गांव के दूसरे पक्ष के करीब चार पांच दर्जन लोगों ने घर पर आकर लाठी डंडों और सरियों से हमला कर दिया। लकवा के मरीज चंपा लाल पर भी उन लोगों ने तरस नहीं खाया और सबको बेरहमी से पीटा और मारपीट कर वहां से चले गए। जिसके बाद परिजनों ने तीनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलने पर रुदावल थाना पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर घायलों के पर्चा बयान लिए। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है वहीं पुलिस मामले के अनुसंधान में जुटी हुई है।

# अग्रवाल सामूहिक सहभोज की तैयारी को लेकर बैठक

- 14 सितम्बर को होगा समाज का अग्रवाल समाज का सहभोज

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। अग्रसेन महोत्सव के तहत अग्रवाल समाज का सामूहिक सहभोज 14 सितंबर रविवार को नई अनाज मंडी परिसर में प्रातः 11 बजे से होगा। सहभोज की तैयारी को लेकर संयोजक ओमप्रकाश धर्म कांटा द्वारा बुधवार रात्रि 7.30 बजे मधुबन रिसोर्ट में समाज की एक बैठक आहूत कर आयोजन की रूपरेखा को अमली जामा पहनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रचलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मंच पर अग्रवाल समाज की समस्त इकाइयों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए संयोजक ने कहा कि रविवार को आयोजित होने वाले अग्रवाल समाज के सामूहिक सहभोज में गंगापुर क्षेत्र के सभी अग्रवाल परिवारों सहित जिला करौली एवं जिला सवाई माधोपुर क्षेत्र की अग्रवाल समाज इकाइयों एवं बन्धुओं को आमंत्रित किया है। इस विशाल आयोजन को सफल बनाने हेतु प्रत्येक अग्रवाल परिवार को तन मन से सहयोग करना है एवं अपने प्रतिष्ठान भी बंद रखकर एकता का परिचय देना है। संयोजक ने कहा कि सहभोज की सभी तैयारियां पूरी कर ली है। कार्यक्रम स्थल पर आने के लिए शहर के मुख्य चौराहे से अग्रवाल कॉलेज की बसों की व्यवस्था रहेगी। अग्रवाल समाज जिला अध्यक्ष गोविंद बरनाला ने सभी अग्रबंधुओ से समाज के इस महायज्ञ को सफल बनाने का आह्वाहन करते हुए कहा कि गंगापुर अग्रवाल समाज के कार्यक्रम एवं आयोजनों से आसपास जिले के अग्रवाल संगठन प्रेरणा लेते हैं। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष गोविंद गुप्ता ने कहा कि व्यापार मंडल नई अनाज मंडी में समाज के विशाल आयोजन में व्यापार मंडल का तन मन धन से सहयोग रहेगा एवं आयोजन में आने वाले समाज के सभी बन्धुओं का व्यापार मंडल द्वारा स्वागत किया जावेगा। भोजन संयोजक मुकेश गोयल सरमथुरा ने कहा कि भोजन व्यवस्था की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है 12 सितंबर शुक्रवार को भट्टी पूजन रहेगा। भोजन वितरण संयोजक राकेश लाला बजाज ने कहा कि सहभोज व्यवस्था में ब्लॉक वाइज 24 स्टाले होंगी, प्रत्येक स्टॉल पर 12 से 13 आइटम की व्यवस्था है जिसमें प्रति स्टॉल की व्यवस्था हेतु समाज की प्रत्येक इकाई एक स्टॉल पर अपनी जिम्मेदारी लेकर सहयोग व्यवस्था संभाले जिस पर सहमति बनी। बैठक में टेंट माइक व्यवस्था संयोजक जीतू प्रॉपर्टी, अग्रवाल पेंशनर समाज अध्यक्ष संतोष प्रो., हनुमान मुक्त, सुनील अतेवा, शिक्षण संस्थान अध्यक्ष दीनदयाल मच्छीपुरा, महिला संगठन प्रदेश पदाधिकारी सरोज गर्ग, महिला मंडल जिला अध्यक्ष रेखा गर्ग आदि ने कहा कि सहभोज आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को भागीदारी निभाने का आह्वाहन करते हुए 14 सितंबर रविवार को अग्रवाल समाज के दुकानदार व्यापारी प्रतिष्ठान दुकान संस्थान बंद रखकर आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करें।

# बैडमिण्टन महिला वर्ग में प्राची चौधरी प्रथम

**भरतपुर,** (निसं)। कृषि महाविद्यालय भुसावर पर चल रहे इन्टर क्लास टूर्नामेन्ट के दूसरे दिन खिलाडियों ने खूब जोर आजमाइश की। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि मैडल जीतने के लिए खेल में नियमित अभ्यास के साथ तकनीकी समावेश भी करना चाहिए। महाविद्यालय का फोकस सरकार व जन सहयोग से भुसावर में राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं विकसित करना है।

इस अवसर पर खेल प्रभारी डॉ. मोहित कुमार ने बताया कि बैडमिण्टन महिला वर्ग में प्राची चौधरी प्रथम व निशा द्वितीय स्थान पर रही। एथेलेटिक्स प्रतियोगिताओं की ऊँची कूद महिला वर्ग में गोमी चौधरी प्रथम तथा पुरूष वर्ग में आलोक प्रथम व मोहित मीना द्वितीय, लम्बी कूद महिला वर्ग में गोमी चौधरी प्रथम व सुलोचना चौधरी द्वितीय तथा पुरूष वर्ग में लोकेश प्रथम व रोहित जाखड द्वितीय, डिस्कस थ्रो पुरूष वर्ग में अमित प्रथम व दिनेश द्वितीय तथा महिला वर्ग में कुमारी नेहा प्रथम व सुलोचना द्वितीय तथा शॉटपुट पुरूष वर्ग में पंकज धाकड प्रथम व संदेश द्वितीय व महिला वर्ग में गोमी चौधरी प्रथम व कुमारी नेहा द्वितीय स्थान पर रही। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार 100 मीटर दौड पुरूष वर्ग में आलोक प्रथम व लोकेश द्वितीय तथा महिला वर्ग में गोमी चौधरी प्रथम व पूजा चौधरी द्वितीय तथा 200 मीटर दौड पुरूष वर्ग में आलोक प्रथम व रोहित जाखड द्वितीय तथा महिला वर्ग में गोमी चौधरी प्रथम व कुमारी नेहा द्वितीय स्थान पर रही। टेबल टेनिस पुरूष वर्ग प्रतियोगिता में आलोक प्रथम व अमित पूनियां द्वितीय स्थान पर रहें। विभिन्न प्रतियोगिताओं में डॉ. आकाश तंवर, डॉ. मोहित कुमार व डॉ. शंकर लाल यादव रेफरी रहे तथा राहुल मीणा ने मैच की कमेन्ट्री की। इस अवसर पर भानुप्रिया पंकज, दीपक मीणा, गीता गवारिया, प्रेम कुमारी, रामशंकर मीना सहित महाविद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

## कार्यशाला का आयोजन

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। कृषि विभाग परिसर में एनएमईओ योजना के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 100 से अधिक किसानों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों को तिलहन फसलों में आत्मनिर्भर बनाना और नवीनतम कृषि तकनीकों से अवगत कराना था। सहायक निदेशक कृषि विस्तार गोपाललाल शर्मा ने तिलहन प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना पर जानकारी दी। कृषि उपज मंडी समिति की सचिव ममता गुप्ता ने तिलहन फसलों की प्रोसेसिंग इकाइयों पर मिलने वाले अनुदान और लैब सुविधाओं के बारे में बताया। पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. योगेश शर्मा ने तिलहनी फसलों से दुग्ध उत्पादन बढाने के तरीके साझा किए।

# उच्चैन ब्लॉक में सरकारी स्कूलों का हो रहा जीर्णोद्वार

**हलैना/भरतपुर,** (निस)। जब ईश्वर ने दिया है और कुछ करने लायक बनाया, तो फिर क्यों न देश व समाज के लिए कुछ कर जाए ऐसी सोच व विचार रखने वाला ही व्यक्ति ही महान और समाजसेवी कहलाता है,जिसे व्यक्तियो को सभी लोग याद करते है और अन्य लोग भी जागरुक होते है,जिससे देश एव समाज का उत्थान एव विकास होने लगता है।

ऐसी सोच तथा विचार वाले व्यक्ति का जन्म हुआ भरतपुर जिले के कस्वा उच्चैन निवासी रिटायर्ड प्रधानाध्यापक प्रभूदयाल मित्तल के परिवार में,जो हे रिटायर्ड व्याखाता रिखब चन्द कमलेश मित्तल है। ये दोनों ने सरकारी सेवा करते हुए देश, समाज व जरूरतमन्द परिवारों की सेवा की और रिटायर्ड होने के बाद भी निस्वार्थ भाव से सेवा कर रहे। अब इन्होने राजस्थान राज्य के झालावाड जिले के एक सरकारी स्कूल में हुई दुखांतिका से आहत हो कर अनूठी पहल शुरू की है, जो उच्चौन ब्लॉक के सरकारी स्कूलों के जीर्णोद्वार कराने में आर्थिक सहयोग करने की घोषणा की। जिसमें 50 प्रतिशत की भागदारी स्कूल के स्टाफ की निधारित की। भामाशाह रिखबचन्द कमलेश मित्तल ने उच्चौन ब्लॉक के 24 सरकारी स्कूलों के जीर्णोद्वार को 5-5 हजार की राशि प्रदान की, जिसके साथ 5-5 हजार की राशि स्कूल के स्टाफ ने भी स्कूल के ज्ञान संपर्क पोर्टल जमा कराई है। सीबीईओ अलका तिवारी ने बताया कि कस्वा उच्चौन निवासी रिखबचन्द मित्तल पुत्र प्रभूदयाल मित्तल एवं रिटायर्ड शिक्षिका कमलेश मित्तल पत्नी रिखबचन्द मित्तल ने उच्चौन ब्लॉक के सरकारी स्कूलों के जीर्णोद्वार कराने के उद्देश्य से अनूठी पहल प्रारम्भ की है,जिन्होने स्कूल के स्टाफ की ज्ञान सम्पर्क पोर्टल पर 5 हजार रूपए की भागदारी अदा करने पर रिखब चन्द कमलेश मित्तल फाउण्डेशन ने 5 हजार रूपए की मदद करने की घोषणा की। पहले चरण में ब्लॉक के 24 सरकारी स्कूलों के स्टाफ द्वारा 5-5 हजार रूपए पोर्टल पर जमा कराने के बाद रिखबचन्द कमलेश मित्तल ने एक लाख 20 हजार रूपए जमा करा दिए, जिस राशि से कमरा की छत्त, शौचालय, कमरा के बरामदा आदि की मरम्मत कराई जा रही है, कई सरकारी स्कूल के भवनों की दशा में सुधार हो गया। उन्होने बताया कि उच्चौन ब्लॉक के गांव बहरारेखपुरा, अजीतपुर, कैमासी, बंजी, चक सहना नगला बीजा, विरावई, चक नगला बीजा, नगला तेरह्यिां सहित 24 गांवों के राजकीय उच्च माध्यमिक, माध्यमिक, उच्च प्राथमिक, प्राथमिक एवं महात्मा गांधी अंग्रेजी मध्याम स्कूल लाभाविन्त हुए हैं।

# जिले में 100 से अधिक अवैध रूप से चल रही हैं लैब जांच

**करौली,** (निसं)। करौली जिले में करीब 100 से अधिक अवैध रूप से चल रही जांच लैब संचालक रोगियों से जांचों की मनमानी राशि वसूलकर रोगियों को जमकर लूटने के अलावा उनके जीवन के साथ किए जा रहे खिलवाड़ से चिकित्सा विभाग और सरकार की लैब संचालकों को मूक सहमति मिलने के आरोप लगना लाजमी है क्योंकि चिकित्सा विभाग और सरकार द्वारा ना तो लैब संचालकों का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है ना ही अवैध लैबो के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि अवैध लैब चलाने की खुलेआम छूट दे रखी है।

ज्ञात रहे समाचार पत्रों में अवैध रूप से चल रही जांच लैबो की खबर प्रकाशित हुई उसके उपरांत भी चिकित्सा विभाग ने तुरंत रूप से कोई कार्यवाही नहीं की और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की कछुआ चाल चलाई जा रही है जिसका अवैध लैब संचालक समय का खूब लाभ ले रहे हैं और आज भी अवैध लैब जिले में धड़ल्ले से चल रही है जिनकी रोक टोक करने से चिकित्सा प्रशासन चुप्पी साधे हुए हैं राष्ट्रदूत समाचार पत्र के अंक में अवैध रूप से चल रही जांच लैब हेडिंग से प्रकाशित खबर को लेकर तत्कालीन सीएमएचओ दिनेश मीणा ने कहा था की जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में लैबो के रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की टीम गठित है और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के लिए लैब संचालकों से आवेदन मांगे गए हैं आवेदन प्राप्त होने के उपरांत ही रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू कर शीघ्र ही रजिस्ट्रेशन किए जाएंगे लेकिन चिकित्सा विभाग की कछुआ चाल के चलते 6 माह बाद भी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया होने का नाम नहीं लेने से रोगियों की जांच लैबो पर जांचों के नाम पर मनमानी राशि वसूली जा रही है जो चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की जानकारी में है उसके उपरांत भी चिकित्सा विभाग और प्रशासन चुप्पी साधे हुए हैं देखने लायक यह है कि स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन के अनुसार जांच लैबो पर प्रषिक्षित लैब टैक्निषियन ही जॉच कर सकता है। लेकिन करौली जिले मे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो कि मिली भगत के चलते अधिक तर लैबो पर अप्रषिक्षित व्यक्ति रोगियो कि जाँच कर उनके जीवन के साथ खिलवाड कर रहे है। वही पैथोलॉजी चिकित्सक का होना आवश्यक है जिनके हस्ताक्षरों से ही रोगियों को जांच उपलब्ध होनी चाहिए मगर यहां तो स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और अंधेर गिर्दी साफ जाहिर हो रही है कि किसी भी जांच लैब पर पैथोलॉजी डॉ. नहीं है जानकारी के अनुसार कुछ एक जांच लैबो पर पैथोलॉजी चिकित्सक होना बता रहे हैं लेकिन वह सिर्फ स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन को गुमराह कर रहे हैं।

गौर तलब यह है कि जिले में करीब 100 से अधिक अवैध लैब संचालित हैं जिनकी रजिस्ट्रेशन के लिए चिकित्सा विभाग ने लैब संचालकों से आवेदन मांगे गए लेकिन करीब 100 आवेदनो मे से मात्र 15 लोगों के चिकित्सा विभाग के पास आवेदन जमा हुए हैं जिनमें से कुछ एक आवेदनों की चिकित्सा विभाग ने लोगों का वेरिफिकेशन किए बिना ही समाचार पत्रों में आपत्ति सूचना प्रकाशित कर चुका है जबकि चिकित्सा विभाग के नियमानुसार आवेदन पत्र जमा होने के बाद सबसे पहले लैब के भवन और लैब की मशीनों एवं एन एक्यूमेंट का वेरिफिकेशन होना चाहिए मगर यहां सब कुछ उल्टा होता देखा जा रहा है इस मामले में सीएमएचओ जयंतीलाल मीणा से बात हुई तो उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि पहले जांच लैबो के भवन एक्यूमेंट आदि की जांच होनी चाहिए थी जिसमें साफ जाहिर होता है कि चिकित्सा विभाग और लैब संचालकों की मिली भगत से लैब अवैध रूप से चल रही हैं इसके अलावा गंभीर बात यह है कि जिलेभर में अवैध रूप से चल रही लैबो पर जांचो की रेट लिस्ट भी चश्पा नहीं है और लैब संचालक रोगियों से जांचों के नाम पर मनमानी राशि वसूल रहे है। इस मामले में सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीना से हुई चर्चा में उन्होंने बताया कि यह बात सही है कि जिले में 100 से अधिक अवैध लैब चल रहे हैं जिनमें से करीब 15 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं जिनकी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शीघ्र ही शुरू की जाएगी जिला कलेक्टर को समय नहीं मिलने के कारण 15 आवेदनों की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा इसके अलावा लैबों पर मनमानी राशि बसूलने के मामले मे उन्होने कहा कि एक दो दिन मे रेट लिस्ट चस्पा करने के आदेष जारी कर रहे है। जिससे मनमानी राशि वसूलने पर अंकुश लगेगा।

## सार-समाचार

### काव्य गोष्ठी का आयोजन

**भरतपुर,** (निसं)। अखिल भारतीय साहित्य मंच द्वारा कार्यालय जवाहर बुर्ज हनुमान मंदिर भरतपुर पर मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन बाबा छीतर सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरवन कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष योगेश शर्मा लाला व डॉ. लोकेश शर्मा थे एवं विशिष्ट अतिथि महेन्द्र कुमार शर्मा गादौली, सुभाष व्यास, श्याम सुन्दर कटारा, पुष्कर सिंह सफेद कोठी, युवान शर्मा, अशोक लवानियां, जुगल सिंह थे। कार्यक्रम की शुरूआत सभी अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती के सामने दीप प्रज्जवलित कर की गई।सभी अतिथियों व कवियों का सम्मान संस्था के जिला संयोजक जसवंत दारापुरिया ने पुष्पहार पहनाकर किया। मॉ सरस्वती वंदना कवि डॉ. कृष्ण कन्हैया ने की। कार्यक्रम में डॉ. लोकेश शर्मा ने ''हिन्द अपना देश पूरा नाम हिन्दुस्तान है-ये धरा पावन बहुत जन्मे यहां भगवान हैं'', कवि नेकराम नेक ने 'प्रतिभाशाली दुंखी है चमचे खुशी मनायें', राधाकिशन सैनी ने 'भरतपुर ले चल मेले में मेरी मान कहीं भरतार', लक्ष्मण चौधरी ने 'राजा अश्वपति के यहां पर आई संतों की टोली', चन्द्रभान फौजदार ने 'ठगी बेईमानी का पैसा नष्ट इसी विधि होता है', चन्द्रभान फौजदार ने 'ये जान नहीं है तेरी क्यों इसको गंवा रहा', डॉ. कृष्ण कन्हैया ने 'हम मचले तो मौसम मचले और मचले तूफान', सुघड सिंह सुग्गा ने 'हर नगर के सर्प सोचें हम देत हैं, फुफकार जो' आदि कवियों ने अपनी अपनी कविताएँ पढीं व दर्शकों ने खूब तोलियां बटोरीं।

### सवाईमाधोपुर टीम ने 29 रन से जीता मैच

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में क्रिकेट ग्राउंड जयपुर पर हनुमानगढ बनाम सवाई माधोपुर के मध्य मैच खेला गया। सवाई माधोपुर की टीम ने हनुमानगढ को रोमांचक मुकाबले में 29 रनों से हराया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रजनीकांत जैन ने बताया कि सवाई माधोपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और पूरी टीम 50 ओवर में 204 रन 9 विकेट पर बनाएं जिसमें रक्षित लुनावत ने 50 रन, कृष्ण कुमार गुप्ता ने 42 रनों की पारी खेली। हनुमानगढ ने लक्ष्य का पीछा करते हुए पूरी टीम 175 रन पर ऑल आउट हो गई। सवाई माधोपुर की ओर से रक्षित श्रीमाल ने तीन विकेट लिए, साहिब, आदित्य रावत ने 2, 2 विकेट लेकर टीम को 29 रन से विजय दिलाई। इस अवसर पर जिला क्रिकेट संघ सवाई माधोपुर के अध्यक्ष डीडी कुमावत, सचिव डॉ दीपक राज, कोषाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनोज बंसल शरद माथुर जॉइंट सेक्रेटरी सूर्य प्रकाश शर्मा जितेंद्र उपाध्याय कार्यकारिणी सदस्य नीरज मिश्रा गौरव राज, श्री कृष्ण शर्मा, एनोस हरमन, अनीश, जयंत जैन, कोच रवि गुर्जर, सुरेंद्र चौधरी, आरसीए स्कोरर लोकेश मीना, नरेंद्र शर्मा, अमिताभ सिंह राठौड, राजेश मीणा, वीरेंद्र गुर्जर, शाहरुख खान आदि ने बधाई दी। सवाई माधोपुर टीम प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर गई है जिसका अगला मैच 13 सितंबर को खेला जाएगा।

### एसडीएम ने किया राजस्व गांवों का दौरा

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। गुरुवार को उप जिला कलेक्टर बृजेंद्र मीणा ने राजस्व गांवों का दौरा किया। उन्होंने नौगांव, सलेमपुर और मालियों की चौकी अमरगढ में गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया। उप जिला कलेक्टर ने किसानों को राज किसान ई-गिरदावरी एप्लिकेशन के बारे में जानकारी दी। इस एप से किसान खुद अपनी फसल की गिरदावरी दर्ज कर सकते हैं। इससे सरकारी योजनाओं, फसल बीमा और मुआवजे का फायदा आसानी से मिल सकेगा। भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में आयोजित अटल जन सेवा शिविर में कुल 17 परिवाद आए। इनमें से 5 परिवादों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। बाकी 12 परिवादों को नगर परिषद, पंचायती राज, राजस्व, चिकित्सा और सामाजिक न्याय विभागों को भेजा गया। सभी परिवाद राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज किए गए। परिवादियों को पोर्टल से रसीदें दी गईं। उपखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक में लंबित प्रकरणों, बजट घोषणाओं और विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई।

### निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**करौली,** (निसं)।11 सितम्बर (निंसं.) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, करौली की अध्यक्ष जिला एवं सेशन न्यायाधीश माधवी दिनकर तथा सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश ममता चौधरी के निर्देशन में पी.एम. श्री राजकीय विद्यालय, सपोटरा में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में विधिक जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक दायित्वों के प्रति चेतना जगाना था। कार्यक्रम में विद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये जायँगे। साथ ही उन्हें यह संदेश भी दिया गया कि वे अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों को समझते हुए समाज में विधिक साक्षरता के वाहक बनें। कार्यक्रम के अंत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करौली के अधिकार मित्र रामराज बैरवा जोड़ली द्वारा उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### विशेष संतृप्ति अभियान का 30 तक

**करौली,** (निसं)। प्रबंधक जिला अठाणी बैंक एवं उपनिदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मुकेश कुमार ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार वित्तीय समावेशन एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के सशक्त क्रियान्वयन हेतु पूरे देशभर में 1 जुलाई 2025 से 30 सितंबर 2025 तक विशेष संतृप्ति अभियान संचालित किये जा रहे है। जिनमें प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना आदि के अंतर्गत अधिक से अधिक लाभार्थियों का बीमा किया जाना एवं पुराने एवं निष्क्रिय खातों का ई-केवाईसी के माध्यम से पुन उनको चालू करने के लिए ठााम पंचायत मुख्यालय के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्रो पर बैंक द्वारा कैंपों का आयोजन बड़े स्तर पर किया जा रहा है। इस दौरान इसके सफल संचालन हेतु जिला स्तर पर प्रबंधक लीड बैंक मैनेजर एवं आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के द्वारा नियमित रूप से मॉनिटरिंग भी किया जा रही है। साथ ही राज्य सरकार द्वारा संचालित ठाामीण एवं शहरी सेवा शिविर,सहकार सदस्यता शिविर 17 सितम्बर से संचालन के दौरान भी वित्तीय समावेशन एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित कार्य करने के निर्देश प्राप्त हुए है। उन्होंने बताया कि गुरूवार को टोडाभीम ब्लॉक की ठााम पंचायत मंडेरु में एसबीआई टोडाभीम से सानिध्य में वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन किया गया।

### विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

**करौली,** (निसं)। जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय डाबरा का गुरूवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने विद्यालय की इमारत की वस्तुस्थिति का जमीनी स्तर पर जायजा लिया एवं निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता को जांचा। जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों से वार्ता कर उनके शैक्षिणक स्तर को भी देखा और उन्हें विद्यालय में उपलब्ध कराए जा रहे पोषाहार की गुणवत्ता की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य, शैक्षिणक सामठाी, बच्चों की उपस्थिति, साफ सफाई आदि के बारे में विस्तृत ब्यौरा प्राप्त किया एवं संबंधित विद्यालय स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने संस्था प्रभारी को निर्देशित किया कि भवनों की इमारतों में पानी की निकासी व्यवस्था, छतों की साफ-सफाई, लीकेज, सीपेज, बिजली के तारों की फिटिंग, भवनों की दरारे, छत के गाटरों की दीवारों इत्यादि व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी बनाये रखें।

### निरीक्षण कर दिए निर्देश

**करौली,** (निसं)। जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने गुरूवार को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में फसल खराबा व जल भराव के संबंध में वस्तुस्थिति का जमीनी स्तर पर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कुड़गांव, रूंडी, आडाडूगंर व मांगरोल में निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किये। जिला कलक्टर ने कहा कि जहां-जहां जल भराव की स्थिति है वहां से अधिकारी पानी की तत्काल निकासी करवायें, अगर कहीं अवरोध के कारण जल भरा हुआ है तो अवरोध को हटायें, ठाामीणों को सभी मूलभूत आवश्यक सेवायें उपलब्ध करवायें।

### सांप के डंसने से महिला की मौत

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। गांव गुर्जर बडौदा में बुधवार शाम को सांप के डसने से महिला की मौत हो गई। महिला पशुओं के लिए चारा लेने खेत में गई थी। महिला की पहचान लीला देवी (65) पत्नी प्रभु गुर्जर के रूप में हुई है। लीला देवी शाम करीब 4 बजे खेत में पशुओं के लिए चारा लेने गई थी। इसी दौरान एक जहरीले सांप ने उसे डस लिया। सांप के डसते ही वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पडी। परिजन तुरंत उसे गंगापुर के सरकारी अस्पताल ले गए, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लिया।